Organizer

Co-Organizer

# INDIA SOLAR & E-VEHICLE EXPO-2023

**सौर ऊर्जा और ई-व्हीकल उद्योग को बढ़ावा और समर्थन देने के लिए, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने आई०आई०ए० भवन ग्राउंड, गोमती नगर, लखनऊ में 2 से 4 मार्च 2023 तक तीन दिवसीय इंडिया सोलर एवं ई-व्हीकल एक्सपो 2023 का सफल आयोजन किया | इस आयोजन को सफल बनाने में निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के कई संगठनों ने प्रायोजक के रूप में अपना समर्थन दिया।**

### EVENT HIGHLIGHTS

- एक्सपो में पूरे भारत से 73 सोलर और ई-व्हीकल कंपनियों ने भाग लिया और आई०आई०ए० भवन के परिसर में 118 स्टालों में अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन किया।
- इस बार 5000 से भी अधिक आगंतुकों ने प्रदर्शनी का दौरा किया और अपने अनुभव और प्राप्त लाभ के अनुसार सकारात्मक प्रतिक्रियाएं दी।
- एक्सपो में उत्तर प्रदेश सरकार के 4 मंत्रियों एवं 5 विधायकों ने विभिन्न अवसरों पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जिसमे उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक, परिवहन राज्य मंत्री (स्व०प्र०) श्री दया शंकर सिंह, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्व०प्र०) श्री अरुण कुमार सक्सेना, कौशल विकास राज्य मंत्री (स्व०प्र०) श्री कपिल देव अग्रवाल, माननीय विधायक श्री नीरज बोरा, माननीय विधायक श्री एम०पी० आर्य, माननीय विधायक श्री राघवेंद्र शर्मा, माननीय विधायक श्री संजीव अग्रवाल, एवं माननीय विधायक श्री श्याम बिहारी शामिल थे।

  इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के कृषि उत्पादन एवं औद्योगिक विकास आयुक्त श्री मनोज कुमार सिंह (IAS) ने भी 2 मार्च को एक्सपो का भ्रमण किया और अपने विचार व्यक्त किये।
- आई०आई०ए० भवन सम्मलेन हॉल में 3 मार्च 2023 को सोलर एंड ई-व्हीकल पर एक राष्ट्रीय सेमिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया जिसमे 200 से अधिक डेलीगेट्स ने भाग लिया।

## EVENT SPONSORER

**Following reputed companies/organisations supported the event as Sponsorer**

# इंडिया सोलर एंड ई-व्हीकल एक्सपो की दिन-प्रतिदिन की गतिविधियाँ

## 1 मार्च 2023-कर्टेन रेज़र प्रेस वार्ता

1 मार्च 2023 को आई०आई०ए० भवन लखनऊ में इंडिया सोलर एंड ई-व्हीकल एक्सपो 2023 की सभी गतिविधियों की घोषणा हेतु कर्टेन रेज़र प्रेस मीट का आयोजन किया गया। इस प्रेस मीट को आई०आई०ए० के पदाधिकारियों श्री अशोक अग्रवाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष, नीरज सिंघल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री दिनेश गोयल, राष्ट्रीय महासचिव, श्री तारिक हसन नकवी, चेयरमैन इंडिया सोलर व ई-व्हीकल एक्सपो एवं श्री अलकेश सोती, कन्वीनर सोलर एक्सपो द्वारा संबोधित किया गया। प्रमुख प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से बड़ी संख्या में मीडिया प्रतिनिधियों ने इस प्रेस मीट में भाग लिया और सम्बंधित मीडिया में इस एक्सपो की जानकारी प्रमुखता से प्रकाशित की गयी।




आई०आई०ए० के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अशोक अग्रवाल, एवं अन्य पदाधिकारी प्रेस को संबोधित करते हुए

## 2 मार्च 2023-इंडिया सोलर एक्सपो का उद्घाटन




माननीय उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक, एक्सपो का उद्घाटन करते हुए



माननीय उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक, दीप प्रज्वलित करते हुए

उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े तीन दिवसीय इंडिया सोलर एक्सपो-2023 के नौवें संस्करण का उद्घाटन माननीय उपमुख्य मंत्री श्री ब्रजेश पाठक द्वारा 2 मार्च 2023 को आई०आई०ए० भवन, गोमती नगर लखनऊ के प्रांगण में किया गया।

कार्येक्रम के प्रारंभ में डिप्टी सीएम श्री बृजेश पाठक जी ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने प्रदर्शनी का भ्रमण किया। साथ ही उपमुख्यमंत्री ने इस आयोजन को लेकर आईआईए की सराहना भी की।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन से निर्माता कंपनियों के अंदर प्रतिस्पर्धा की जिज्ञासा उत्पन्न होगी। सोलर के क्षेत्र में जितना ज्यादा विकास होगा उतनी ही हमारे प्रदेश की उन्नति होगी। हमारे सौर उर्जा उद्योगों को तकनीकी रूप से दुनिया में आगे चलना होगा। अतः आई०आई०ए० का यह प्रयास बदलाव के इस दौर में मील का पत्थर साबित होगा।




माननीय उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक, एक्सपो का भ्रमण करते हुए

## 2 मार्च 2023-इंडिया ई-व्हीकल एक्सपो का उदघाटन

इंडिया ई-व्हीकल एक्सपो के तीसरे संस्करण का उदघाटन माननीय परिवहन राज्य मंत्री (स्व०प्र०) उत्तर प्रदेश श्री दया शंकर सिंह द्वारा किया गया। अपने उदघाटन भाषण में माननीय मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार इलेक्ट्रिक व्हीकल के उपयोग को प्रोत्साहित कर रही है। जिसके लिए बहुत ही आकर्षक नीति भी प्रख्यापित कर दी गई है। मुझे ख़ुशी है कि इण्डियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन सरकार के इस प्रयास में भी सक्रीय भागीदारि निभा रहा है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस एक्सपो में इलेक्ट्रिक व्हीक्लों के उपयोग में बढ़ोतरी होगी और यह उद्योग और पनपेगा।



माननीय परिवहन राज्य मंत्री (स्व०प्र०)श्री दया शंकर सिंह एवं माननीय विधायक श्री संजीव अग्रवाल, ई-व्हीकल एक्सपो का उद्घाटन करते हुए

## 2 मार्च 2023- औद्योगिक विकास आयुक्त एवं कृषि उत्पादन आयुक्त उ०प्र० का एक्सपो में आगमन



वशिष्ठ अतिथि आईएएस श्री मनोज कुमार सिंह (एपीसी, आईआईडीसी) एक्सपो का भ्रमण करते हुए

वशिष्ठ अतिथि के रूप में आईएएस श्री मनोज कुमार सिंह (एपीसी, आईआईडीसी) उ०प्र० इस एक्सपो में मौजूद रहे तथा आई०आई०ए० के प्रयासों की सराहना की । उन्होंने बताया कि ई-व्हीकल और सोलर, दोनों ही प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देना, सरकार की प्राथमिकता है। सरकार का मानना है कि दोनों ही क्षेत्रों में बड़ा इन्वेस्टमेंट लाया जा सकता है। आईआईए, सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलता आया है। यही वजह है कि जागरूकता बढ़ाने के लिहाज से और निर्माताओं को एक छत के नीचे लाने के लिए इस एक्सपो का आयोजन किया गया है। उम्मीद है कि प्रदेश के उद्यमियों को यह एक्सपो काफी फायदा पहुंचाएगा।

मनोज कुमार सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योगों को लगाना और उन्हें निर्वाध बिजली उपलब्ध करना एक बड़ा चैलेंज रहता है। सोलर के प्रति जागरूकता और इसके ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल से ग्रामीण इलाकों में उद्योगों को भी काफी मदद



वशिष्ठ अतिथि आईएएस श्री मनोज कुमार सिंह (एपीसी, आईआईडीसी, उ०प्र०संबोधित करते हुए

मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की सप्लाई को और बेहतर करने के लिए सोलर एनर्जी वैकल्पिक ऊर्जा के तौर पर इस्तेमाल की जा सकती है।

इसके लिए सरकार ने भी काफी रिहायत दी है। ग्रामीण क्षेत्रों में फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री में सोलर एनर्जी का इस्तेमाल किया जा रहा है जिसके लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी सरकार की तरफ से दी जा रही है। वहीं, अगर महिलाओं द्वारा कोई यूनिट लगाई गई है और सोलर एनर्जी का इस्तेमाल किया जा रहा है तो 90 प्रतिशत तक की सब्सिडी सरकार द्वारा दी जा रही है।

## 3 मार्च 2023-राष्ट्रीय सोलर सेमिनार का उदघाटन

3 मार्च 2023 को माननीय राज्य मंत्री वन एवं पर्यावरण (स्वतंत्र प्रभार) श्री अरुण कुमार सक्सेना द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय सोलर सेमिनार का उद्घाटन आई०आई०ए० भवन गोमती नगर लखनऊ में किया गया।

उन्होंने सोलर एक्सपो एवं सेमिनार के आयोजन के लिए आई०आई०ए० को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाता रहता है। इसका प्रमाण हमें हाल ही में आयोजित की गई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में दिखाई दिया है। उत्तर प्रदेश की बात की जाए तो निवेश के मामले में उत्तर प्रदेश निवेशकों की पहली पसंद बन चुका है। केंद्र की मोदी सरकार हो या फिर प्रदेश की योगी सरकार दोनों ही उद्यमियों को सम्मान देने में कोई कमीं नहीं छोड़ रही हैं।

वहीं, इंडिया सोलर एवं ई व्हीकल एक्सपो को लेकर मंत्री अरुण सक्सेना ने कहा कि यह दोनों ही प्रोजेक्ट्स सरकार की प्राथमिकता हैं। आईआईए ने सभी को जागरूक करने की जिम्मेदारी उठाई है। पिछले दस सालों से आईआईए इस तरह के आयोजन करता चला आ रहा है। आज उत्तर प्रदेश में काफी उद्योग सोलर पर कन्वर्ट हुए हैं। सोलर उर्जा के उपयोग की तरफ जनता भी आकर्षित हो रही है।

हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी ग्लोबल वार्मिंग को लेकर चिंतित हैं। अगर हमें अपने पर्यावरण को संरक्षित करना है तो सोलर पर निर्भरता को बढ़ाना होगा। आगे आने वाला समय सोलर और ई-व्हीकल का है। हमें फॉसिल फ्यूल से भी दूरी बनानी होगी*



**माननीय राज्य मंत्री वन एवं पर्यावरण (स्वतंत्र प्रभार) श्री अरुण कुमार सक्सेना, सोलर सेमिनार में दीप प्रज्ज्वलित करते हुए**




**माननीय राज्य मंत्री वन एवं पर्यावरण (स्वतंत्र प्रभार) श्री अरुण कुमार सक्सेना, संबोधित करते हुए।**




**आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अशोक अग्रवाल सेमिनार के प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए।**




**आईआईए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री नीरज सिंघल सेमिनार प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए।**



आई॰आई॰एं॰ के महासचिव श्री दिनेश गोयल स्वागत संबोधन करते हुए।



सेमिनार कन्वेनर श्री तारिक हसन नकवी जी सेमिनार की जानकारी श्रोताओं से साँझा करते हुए




Smt. Neelam,
PCS-Secretary/CPO. UPNEDA




Shri Vikas Gupta,
Director, Sunled Energy



Prof. Jayotsna Singh, Director,
Center for Renewable Energy,
Lucknow University




Shri Ankur Mahendru, Director,USHA SHRIRAM




Shri Manoj Agarwal,
Chairman, Oneindig Technologies Pvt. Ltd

इस राष्ट्रीय सोलर सेमिनार का उद्देश्य "सौर ऊर्जा एवेम प्रणाली में व्यावासिक अवसर तलाशना था" इस सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिष्ठित एवं अनुभवी वक्ताओं द्वारा विशेष जानकारी दी गयी। जिसमे Smt. Neelam, PCS-Secretary/CPO UPNEDA, Shri Vikas Gupta, Director, Sunled Energy, Prof. Jayotsna Singh, Director, Centre for Renewable Energy, Lucknow University, Shri Ankur Mahendru Director, Ushashriram, Shri Manoj Agrawal Chairman Oneindig Technologies Pvt. Ltd..उपस्थित रहे ।

## 3 मार्च 2023-राष्ट्रीय ई-व्हीकल सेमिनार का उदघाटन

उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्व०प्र०) व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास श्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा राष्ट्रीय ई-व्हीकल सेमिनार का उद्‌घाटन किया गया।

श्री कपिल देव अग्रवाल ने आईआईए के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, विभिन्न राज्यों के निर्माताओं को एक छत के नीचे लाना बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस एक्सपो में उद्यमी, इंडस्ट्री से जुड़े लोग, मार्केटिंग और सेल्स के लोगों का जमवाड़ा दिखाई दे रहा है। सोलर हमारी जरूरत है और ई-व्हीकल को ट्रेंड में लाना भी जरूरी है। पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से ये दोनों ही काफी महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हमारी सरकार सौर ऊर्जा इलेक्ट्रिक व्हीकल के उपयोग को प्रोत्साहन और संरक्षण देने का काम कर रही है।



माननीय राज्य मंत्री (स्व०प्र०) श्री कपिल देव अग्रवाल,
माननीय विधायक श्री नीरज बोरा,
माननीय विधायक श्री एम०पी० आर्य,
एवं माननीय विधायक श्री राघवेंद्र शर्मा, ई-व्हीकल सेमिनार के शुभारम्भ में दीप प्रज्वलित करते हुए



माननीय राज्य मंत्री (स्व०प्र०) श्री कपिल देव अग्रवाल, प्रदर्शनी का भ्रमण करते हुए

वैकल्पिक ऊर्जा और इलेक्ट्रिक व्हीकल को बढ़ावा देना हमारा लक्ष्य है। इससे प्रदूषण भी नियंत्रित रहेगा और पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचेगा। कौशल विकास विभाग भी इसमें प्रशिक्षित करने का काम कर रहा है। जो भी इस प्रदर्शनी में नहीं पहुंचा है उसे यहां आना चाहिए और सोलर-ई-व्हीकल से जुड़ी जानकारियां हासिल करनी चाहिए।

श्री कपिल देव अग्रवाल जी ने बताया कि सोलर और ई-व्हीकल को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार तमाम तरह की सब्सिडी भी मुहैया करा रही है। किसानों, व्यापारियों और उद्यमियों को तमाम तरह की छूट दी जा रही है जिससे ज्यादा से ज्यादा इसका इस्तेमाल हो और बिजली, पेट्रोल-डीजल पर हमारी निर्भरता भी कम हो।




आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अशोक अग्रवाल ई-व्हीकल सेमिनार को संबोधित करते हुए

आने वाला भविष्य सोलर का है। ज्यादातर उद्योग इस पर कन्वर्ट हो रहे हैं। ई-व्हीकल भी लगातार मार्केट में इंट्रोड्यूस हो रहे हैं और इनका रिस्पांस भी अच्छा मिल रहा है।

राष्ट्रीय ई-व्हीकल सेमिनार का उद्देश्य "इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में व्यवसाए के अवसर तलाशना था" इस सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिष्ठित एवं अनुभवी वक्ताओं द्वारा विशेष जानकारी दी गयी । जिसमे Dr. B.R. Singh, Director General -School of Management Sci. & Member-State Advisory Committee UPERC, Shri

Praveen Kumar Sood, Chairman Regnant Energy Solutions, उपस्थित रहे।



माननीय विधायक श्री श्याम बिहारी, उ०प्र० विधानसभा द्वारा एक्सपो का भ्रमण किया गया एवं आई०आई०ए० के प्रयासों की सराहना की।

## 3 मार्च 2023 सोलर एंड ई-व्हीकऱ सेमिनार

माननीय विधायक श्री श्याम बिहारी, भ्रमण के दौरान उन्होंने सोलर एंड ई-व्हीकल एक्सपो में प्रदर्शित सभी उत्पादों में विशेष रूचि ली भ्रमण के उपरान्त माननीय विधायक जी ने आईआईए द्वारा आयोजित एक्सपो की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के प्रदर्शनियों से ना केवल उद्योग बढ़ेगा अपितु वातावरण भी स्वच्छ रहेगा।



Shri Praveen Kumar Sood, Chairman, Regnant Energy Solutions



Shri Shiv Kumar Pathak, Invest U.P.



Dr. B.R. Singh, Director General -School of Management Sci. & Member-State Advisory Committee UPERC

## 4 मार्च 2023-इंडिया सोलर एंड ई-व्हीकल एक्सपो का समापन समारोह

तीन दिवसीय इंडिया सोलर एंड ई-व्हीकल एक्सपो-2023 का सफल समापन 4 मार्च 2023 को सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि यूपीनेडा के निदेशक श्री अनुपम शुक्ल (IAS ) थे। मुख्य अतिथि ने आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अशोक अग्रवाल और आईआईए के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि और आईआईए पदाधिकारियों ने सौर और ई-व्हीकल उत्पादों और सेवाओं को देखने के अलावा, समापन समारोह के दौरान सम्मानित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ सटालों का चयन किया। प्रदर्शनी में Exhibitors द्वारा तीन दिनों के अपने अनुभव को मुख्य अतिथि के साथ साझा भी किया गया।




यूपीनेडा के निदेशक श्री अनुपम शुक्ला (IAS )



आईआईए के सचिव अवधेश अग्रवाल Exhibitors को समापन समारोह में संबोधित करते हुए



यूपीनेडा के निदेशक श्री अनुपम शुक्ला (IAS), भ्रमण करते हुए



कन्वीनर सोलर एक्सपो श्री अलकेश सोती संबोधित करते हुए



आईआईए अधिशासी निदेशक द्वारा समापन समारोह का संचालन करते हुए

इस दौरन आई०आई०ए० पदाधिकारीयों द्वारा Exhibitors को स्मृति चिन्ह भी किये गये। आईआईए मे लगये गये प्रदर्शनी स्टाल के सर्वश्रेष्ठ स्टाल को प्रमाणपत्र निम्नलिखित रुप से प्रदान किये गये।

प्रथम पुरस्कार - Microtek International (P) Ltd, द्वितीय पुरस्कार - Oneindig Technologies Private Limited तृतीय पुरस्कार - Smarten Power Systems Private Limited, एवं Rudra Construction (Loom Solar) को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।






वहीं 'ई-व्हीकल' के अंतर्गत Servotech Power Systems Limited (प्रथम पुरस्कार), MG (द्वितीय पुरस्कार) और Raymotos (तृतीय पुरस्कार) से सम्मानित किए गए। Venus Auto को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।






## GLIMPSES OF EXHIBITION





















BSE SME
LISTED COMPANY

INA SOLAR

# बेमिसाल बचत

## सिर्फ गर्मियों में नहीं, पूरे साल !

भारत के 10 सर्वश्रेष्ठ सोलर ब्रांड्स में एक




**SOLAR PANEL / SOLAR BATTERY / SOLAR PCU**

40 Wp - 545Wp | 40 Ah - 220Ah | 440 VA - 2500 VA

| | | |
|---|---|---|
| प्रस्तुत हैं हमारी नयी सेवाएं<br>**EPC** Engineering, Procurement & Commissioning<br>रूफ टॉप व ग्राउंड माउंटेड | सोलर मॉड्यूल उत्पादन<br>**700 MW**<br>मैन्युफैक्चरिंग क्षमता | बिज़नेस नेटवर्क<br>**300 +**<br>डिस्ट्रीब्यूटर व डीलर |
| INA का वृहत परिवार<br>**10,000 +**<br>संतुष्ट ग्राहक | अनुभव प्रोजेक्ट कार्य<br>**500 +**<br>सफलतापूर्वक संपन्न प्रोजेक्ट | विश्वास व मानकता<br>**BIS ALMM** APPROVED<br>सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता व टेक्नोलॉजी |

MindwalkCommunication

## INSOLATION ENERGY LTD.


Head Office - G-25, City Center, S.C. Road, Jaipur - 302001 | Ph. +91 141 4019103, 4029103
www.insolationenergy.in
info@insolationenergy.in | Follow Us :


April, 2023

For details call :
**+91 7240 444 666**